# Six CUH scholars Receive ICSSR Doctoral Fellowship

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: The Tribune** **Date: 12-06-2026**



The Central University of Haryana Vice-Chancellor felicitates the research scholars. TRIBUNE PHOTO

# Six Central University scholars awarded doctoral fellowships

TRIBUNE NEWS SERVICE

MAHENDRAGARH, JUNE 11

Six research scholars of the Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh, have been awarded the prestigious ICSSR Doctoral Fellowship 2025-26 by the Indian Council of Social Science Research (ICSSR), New Delhi.

The awardees include Narayana Choudhuri from Department of Journalism and Mass Communication, supervisor Dr Alekha Sachidananda Nayak; Sachin Kumar from Department of Management Studies, supervisor Dr Manish Kumar; Deepali Gupta from Department of Commerce, supervisor Prof Suman; Prashant Kashyap from Department of Tourism and Hotel Management, supervisor Dr Anil Kumar; Amit Kumar from Department of Sociology, supervisor Dr T Longkoi Khiamniungan; and Manisha from Department of Sanskrit, supervisor Dr Suman Rani.

The heads of the respective departments have expressed their pride on the achievement of the scholars and highlighted the importance of quality research and academic mentorship in attaining the national-level recognition.

CUH Vice-Chancellor Prof Tankeshwar Kumar congratulated the scholars and their supervisors, stating that the achievement reflects their perseverance and commitment to research and academics.

"Selection of six research scholars for the prestigious national fellowship demonstrates the strength of the university's research ecosystem. We are confident that their work will contribute significantly to knowledge creation and societal development," said CUH Pro-VC Prof Pawan Kumar Sharma.

The research supervisors also congratulated the scholars and acknowledged their dedication, hard work and scholarly excellence. "The fellowship would further strengthen the scholars' research pursuits and academic contributions," they said.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 12-06-2026**

# आईसीएसएसआर डॉक्टोरल फेलोशिप के लिए छह चयनित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) के लिए गर्व की बात है कि उसके छह शोधार्थियों का चयन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली की प्रतिष्ठित डॉक्टोरल फेलोशिप के लिए हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के मजबूत शोध वातावरण और छात्रों की मेहनत को दर्शाती है।

चयनित शोधार्थियों में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के नारायण चौधरी (शोध निर्देशक: डॉ. अलेखा सचिदानंद नायक), प्रबंधन अध्ययन विभाग के सचिन कुमार (डॉ. मनीष कुमार), वाणिज्य विभाग की दीपाली गुप्ता (प्रो. सुमन), पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के प्रशांत कश्यप (डॉ. अनिल कुमार), समाजशास्त्र विभाग के अमित कुमार और संस्कृत विभाग की मनीषा (डॉ. सुमन रानी) शामिल हैं।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित शोधार्थियों और उनके शोध निर्देशकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन और विश्वविद्यालय की शोध गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयास समाजोपयोगी शोध को बढ़ावा देते हैं।

समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि एक ही वर्ष में छह शोधार्थियों का इस राष्ट्रीय फेलोशिप के लिए चयन होना विश्वविद्यालय की अकादमिक मजबूती को दर्शाता है।



चयनित हकेवि विद्यार्थी कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के साथ। स्रोत : हकेवि

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 12-06-2026**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के 6 शोधार्थी आईसीएसएसआर फेलोशिप के लिए चयनित

महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के छह शोधार्थियों का चयन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की प्रतिष्ठित आईसीएसएसआर डॉक्टोरल फेलोशिप 2025-26 के लिए हुआ है।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित शोधार्थियों और उनके शोध निर्देशकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह सफलता शैक्षणिक उत्कृष्टता, दृढ़ संकल्प, अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता दिखाती है। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा, एक ही वर्ष में छह शोधार्थियों का इस राष्ट्रीय फेलोशिप के लिए चयन विश्वविद्यालय के मजबूत शोध परिवेश और अकादमिक गुणवत्ता का परिचायक है। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि शोधार्थियों के साथ पूरे विश्वविद्यालय समुदाय के लिए प्रेरणा है।

फेलोशिप पाने वालों में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के नारायण चौधरी, शोध निदेशक डॉ. अलेखा सचिदानंद नायक, प्रबंधन अध्ययन विभाग के सचिन कुमार, शोध निदेशक डॉ. मनीष कुमार, वाणिज्य विभाग की दीपाली गुप्ता, शोध निदेशक प्रो. सुमन, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के प्रशांत कश्यप, शोध निदेशक डॉ. अनिल कुमार, समाजशास्त्र विभाग के अमित कुमार, शोध निदेशक डॉ. टी. लॉन्गकोई खियामनियुंगन, संस्कृत विभाग की मनीषा और शोध निदेशक डॉ. सुमन रानी हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 12-06-2026**

# छह शोधार्थी आईसीएसएसआर फेलोशिप के लिए चयनित

**संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के छह शोधार्थियों का चयन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित 'आईसीएसएसआर डाक्टोरल फेलोशिप 2025-26' के लिए हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय में उच्च गुणवत्ता वाले शोध, अकादमिक उत्कृष्टता तथा शोधार्थियों के निरंतर परिश्रम का प्रमाण है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने चयनित शोधार्थियों एवं उनके शोध निर्देशकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता शोधार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता, दृढ़ संकल्प तथा अनुसंधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

फेलोशिप प्राप्त करने वाले शोधार्थियों में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के नारायण चौधरी (शोध निदेशक- डा. अलेखा सचिदानंद नायक), प्रबंधन अध्ययन विभाग के सचिन कुमार (शोध निदेशक- डा. मनीष कुमार), वाणिज्य विभाग की दीपाली गुप्ता (शोध निदेशक प्रो. सुमन), पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के प्रशांत कश्यप (शोध निदेशक- डा. अनिल कुमार), समाजशास्त्र विभाग के अमित कुमार (शोध निदेशक- डा. टी. लान्गकोई खियामनियुंगन) तथा संस्कृत विभाग की सुश्री मनीषा'' (शोध निदेशक- डा. सुमन रानी) शामिल हैं।




फेलोशिप के लिए चयनित हकेंवि विद्यार्थी कुलपति के साथ • सौ. विश्वविद्यालय